दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, बुधवार 19 अक्टूबर 2022

www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** छ.ग.शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत 5 व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं तहसीलदार रायगढ़ एवं पुसौर के परीक्षण पश्चात 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गयी है। कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरोना के दौरान जिन लोगों की मृत्यु हुई इनमें ग्राम-बनोरा की सुचित्रा सिदार, ढिमरापुर रायगढ़ की दुलारी देवी अग्रवाल, गौशालापारा रायगढ़ की सुभद्रा कंवर, गायत्री मंदिर चौक पुसौर की अंगरा बाई मेहर एवं ग्राम सूपा के लाला प्रसाद पाढ़ी शामिल है।

### धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्रों में एंटी स्नेयर वॉक का होगा आयोजन 19 से 21 अक्टूबर तक

**रायगढ़।** वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्रों के समस्त परिसर का वृत्त वन अधिकारी, परिसर वन अधिकारी, हाथी ट्रैकरों, वन प्रबंधन समिति सदस्यों तथा विद्युत विभाग के क्षेत्रीय अमलों के द्वारा वन का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण किया जाकर अवैध फंदा एवं तार को रोकने हेतु एंटी स्नेयर वॉक का आयोजन 19 से 21 अक्टूबर 2022 तक किया जा रहा है। क्योंकि वर्तमान में धान फसल पकने का मौसम है जिससे जंगली हाथी धान फसलों को खाने के लिए जंगल से खेतों की ओर आकर्षित होते है। अक्सर देखने में आया है कि कृषक फसलों की सुरक्षा हेतु अवैध तार एवं अवैध हुकिंग करके वन्यप्राणियों को खेतों की ओर आने से रोकते है, जिससे जंगली हाथी एवं वन्यप्राणियों की अप्राकृतिक मृत्यु हो जाती है एवं कभी-कभी ग्रामीण जन की भी मृत्यु होने की संभावना रहती है। इस प्रकार की घटना प्रकाश में न आये इस संबंध पूरे परिक्षेत्र में परिसर स्तर पर अवैध फंदा एवं अवैध हुकिंग को रोकने हेतु एंटी स्नेयर वॉक का आयोजन करने के साथ ही स्थानीय लोगों व ग्रामीणों में एंटी स्नेयर वॉक की उपयोगिता और अवैध शिकार के प्रभाव वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के बारे में जन चौपाल रखकर आवश्यक चर्चा एवं कार्यवाही किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनसम्पर्क विभाग की हिन्दी-अंग्रेजी नवीन द्विभाषी वेबसाईट का किया लोकार्पण

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग की हिन्दी-अंग्रेजी नवीन द्विभाषी वेबसाईट का लोकार्पण किया। इस नवीन वेबसाइट में समाचारों के अलावा विभागीय एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित समस्त जानकारी हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होगी। दोनों भाषाओं में जानकारी उपलब्ध होने से छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की पहुंच देश और दुनिया में आसान होगी। यह साईट राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अंग्रेजी माध्यम के समाचार पत्रों के लिए सुविधाजनक होगी। उन्हें छत्तीसगढ़ शासन से संबंधित समाचार हिन्दी के साथ साथ अब अंग्रेजी में भी उपलब्ध होंगे। इस वेबसाईट में जिलों के लिए अलग सेगमेंट भी बनाया गया है, जिससे जिला जनसंपर्क कार्यालय अपने जिले से संबंधित समाचार खुद अपलोड कर सकेंगे। इस अवसर पर संचालक जनसंपर्क सौमिल रंजन चौबे सहित जनसंपर्क विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### हेड कांस्टेबल दिल्ली पुलिस की परीक्षा 21 से 28 तक

**रायपुर (आरएनएस)।** कर्मचारी चयन आयोग द्वारा हेड कांस्टेबल (असिस्टेंट वायरलेस ऑपरेटर) पद दिल्ली पुलिस की परीक्षा 21 अक्टूबर से 28 अक्टूबर को आयोजित होगी। यह परीक्षा सुबह 9 बजे से शाम 6.30 बजे तक तीन शिफ्टों में आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र रायपुर शहर स्थित सरोना पार्थिवी प्रोविंश कामर्शियल कॉम्पलेक्स सन्त रविदास वार्ड नं. 70 में संचालित किया जायेगा। इस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर सु रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



# लैलूंगा के ग्राम कटकलिया के खेत में मिला महिला का शव... 24 घंटे के भीतर हुआ हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**पत्नी बनकर रहने से इंकार करने पर आरोपी युवक ने डंडे से पीटकर की थी महिला की हत्या**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में #लैलूंगा पुलिस द्वारा ग्राम कटकलिया खेत में मिले महिला के शव की जांच पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर 24 घंटे के भीतर अज्ञात आरोपी का पतासाजी कर आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी अविवाहित युवक उसी के गांव की महिला (मृतिका) से प्रेम प्रसंग रखकर उसे पत्नी बनाने का दबाव बना रहा था जिसे मना करने पर युवक उसकी हत्या कर दिया और पकड़े जाने के डर से शव को दूसरे खेत में ले जाकर छिपा दिया था। आरोपी युवक ईस्माइल केरकेट्टा को हत्या तथा साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 17.10.2022 को थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को ग्राम कटकलिया सीमांत मनबोध मिर्धा के खेत में एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिला। सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम हमराह स्टाफ के साथ ग्राम कटकलिया पहुंचे। जहां शव की शिनाख्त समीप गांव सुबरा सलियापारा की सुशीला केरकेटटा पति स्व0 तेजराम उम्र 36 वर्ष के रूप में हुआ। मृतिका का लड़का अंकित केरकेट्टा (18 साल) बताया कि दिनांक 16/10/2022 के शाम पास के गांव से हॉकी खेलकर घर आया। छोटा भाई और बहन नानी घर में थे। मां सुशीला घर में नहीं थी। दूसरे दिन दिनांक 17/10/2022 के सुबह बडे पिता सुखन बताये कि मां सुशीला को



कोई मार कर कटकलिया सीमांत खेत में फेंक दिए हैं। तब जाकर देखा मां का शव खेत के कीचड में चित हालत में पड़ा था आंख, कनपटटी , सीना, गला, कंधा, बांह में चोट था, दोनों पैर मटमैला कपडा से बंधा हुआ था। लैलूंगा पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 306/2022 धारा 302, 201 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मृतिका के परिवारवालों, गांव के प्रमुख व्यक्तियों से पूछताछ में सुशीला (मृतिका) का किसी से कोई झगड़ा- विवाद का होना नहीं बताये और साथ ही पता चला कि गांव के ईस्माइल केरकेट्टा के साथ सुशीला की अच्छी मित्रता थी। सुशीला के मौत की खबर गांव में होने के बाद भी मौके पर और गांव में ईसमाइल केरकेट्टा नहीं था। पुलिस की टीम गांव में पतासाजी कर ईस्माइल केरकेट्टा को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया। पुलिस की कड़ाई पर उसने सुशीला के साथ प्रेम प्रसंग होना और सुशीला के पत्नी बनकर साथ रहने से इंकार करने पर हत्या करना कबूल किया और घटना का वृतांत बताया।

आरोपी ईस्माइल केरकेट्टा पिता सहदेव केरकेट्टा उम्र 26 साल निवासी सुबरा सलियापारा थाना लैलूंगा पुलिस को दिए मेमोरेंडम बयान में बताया कि करीब चार-पांच वर्ष पूर्व से गांव की सुशीला केरकेट्टा के साथ प्रेम संबंध था। दोनों अक्सर खेत में काम करने दौरान मिलते थे और सुशीला के घर आना-जाना भी था। सुशीला को शादी कर पत्नी बनाकर रखूंगा कहने पर सुशीला इंकार करती थी। दोनों के आपस में मिल-मिलाप की जानकारी गांव के कुछ लोगों को थी। दो-तीन माह पूर्व दोनों के बीच झगड़ा मनमुटाव हुआ था फिर भी मिलते थे। दिनांक 15.10.2022 को दोनों एक साथ लैलूंगा बाजार आए थे। आरोपी ईस्माइल केरकेट्टा बताया कि दूसरे दिन दिनांक 16.10.2022 के शाम सुशीला कटकलिया सीमांत खेत की तरफ बुलाने पर उससे मिलने शाम करीब 6:00 बजे गया था। दोनों खेत में बैठकर बातचीत किए। उसके बाद सुशीला को अब मेरे घर चलो पत्नी बन कर रहना बोला तो सुशीला मना की जिसे तुम्हारे कारण दूसरी लड़की से शादी नहीं किया और तुम मेरे साथ रहने से इंकार कर रही हो कहकर गुस्से में अपने पास रखें लकड़ी के डंडा से उसके सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ कई प्रहार किया जिससे सुशीला खेत में गिर गई तब उसके गला, सीना को दबाया जिससे वह मर गई , जिसके बाद उसके कपड़े से दोनों पैर को बांध कर रस्सी फंसाकर खेत मेड से खींचते हुए दूसरे खेत में ले जाकर शव को छुपा दिया था। आरोपी के कबूलनामे के बाद घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा और छाता जिसे आरोपी समीप के ईट भट्टा के पास छिपाया था पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया है। आरोपी को कल न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा। सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सोमश गोस्वामी, राम रतन भगत, आरक्षक जॉन टोप्पो, पुष्पेन्द्र मराठा, जागेश्वर मरावी की सराहनीय भूमिका रही है।

## शा.उ.मा.विद्यालय बंगुरसिया में मनाया गया ग्लोबल हैंडवाशिंग डे



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के दिशा-निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा तथा जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगुरसिया में ग्लोबल हैंड वाशिंग डे मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। तत्पश्चात बाद पिको प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को हैंड वाशिंग से संबंधित एनीमेशन वीडियो और हैंड वाशिंग वीडियो दिखाया गया। साथ ही स्कूल ग्राउंड में सभी छात्र-छात्राओं को हैंड वाशिंग का प्रैक्टिस कराया गया। कक्षा नवमी से बारहवीं के छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक पायल सिन्हा के द्वारा हैंड वाशिंग से होने वाले फायदे एवं उसके रेगुलर प्रैक्टिस की जानकारी दी गई। डीएमसी शशांक शर्मा के द्वारा पिको प्रोजेक्टर के माध्यम से एनीमेशन वीडियो दिखाया गया और सभी हैंड वाशिंग स्टेप्स की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक अन्नपूर्णा साहू के द्वारा बच्चों को पोषण आहार की जानकारी दी गई। पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के द्वारा हैंड वाशिंग के नियम, कब-कब हाथ धोना चाहिए इसके बारे में पेंट किया गया। स्कूल के शिक्षकों ने पेंटिंग को देखा एवं विजेता चयनित किया गया। प्रतियोगिता में पहला, दूसरा एवं तीसरे आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी स्कूल स्टाफ एवं प्रतीक प्रधान एनएसएस स्वयं सेवक का विशेष सहयोग रहा।

## महिला कृषक उर्मिला को मिला राष्ट्रीय प्रभाकर केलकर पुरुस्कार



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले की प्रगतिशील जैविक महिला कृषक श्रीमति उर्मिला सिदार को केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के मुख्य आतिथ्य में समर्पण सेवा संस्थान, मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल में आयोजित गरिमामयी उत्कृष्ट जैविक किसान सम्मान समारोह में जैविक खेती में नवाचार, जागरूकता, प्रयोग एवं प्रशिक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय प्रभाकर केलकर पुरुस्कार 2022 प्रदान किया गया। इस पुरुस्कार में उन्हें रूपये 21 हजार रुपये नगद, प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

सिदार कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ से जुड़ी हुई है तथा तकनीकी रूप से चर्चा परिचर्चा करते रहती है तथा कृषि विज्ञान केंद्र,रायगढ़ से जुड़कर हजारों महिलाओं एवं पुरुष किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के विभिन्न संसाधनों को अपने घर में खुद जैविक खाद, जैविक तरल एवं कीटनाशक तैयार करती है एवं जागरूक एवं प्रशिक्षित करती है। सिदार शिक्षा विभाग में व्याख्याता के पद पर कार्यरत है। मुख्य काम से समय निकालकर अपने 2.5 एकड खेत को पूरी तरह जैविक ढंग से खेती करती है तथा उसमें उपयोग होने वाली समस्त पोषक घोल उन्ही के द्वार तैयार की जाती है। सिदार जागरूक महिला जैविक कृषक है, जो हमेशा किसानों की भलाई के लिए काम करते रहती है एवं उनके सहयोग के लिए खुद संसाधन समर्पित कर, प्रशिक्षण कक्ष, प्रक्षेत्र की व्यवस्था करती है जहा पर किसान जैविक एवं प्राकृतिक खेती की बारीकियों को जान एवं समझ सके। उनके इस काम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख स्वर्णकार की पूरी टीम विशेष कर मृदा वैज्ञानिक डॉ.खेमा दास महंत का विशेष योगदान रहता है। जिनसे तकनीकी चर्चा कर अपने अनुभव एवं अध्यात्म ज्ञान से विभिन्न जैविक उत्पाद तैयार करती है। साथ ही केंद्र के उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ.नानक चंद बंजारा द्वारा भी खेती आदि में मार्गदर्शन दिया जाता रहा।

श्रीमती उर्मिला सिदार के इस उपलब्धि से कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ के सभी वैज्ञानिक गण डॉ.मनीषा चौधरी, डॉ कलेश पैकरा, डॉ सोलंकी, आशुतोष सिंह, पटेल, डॉ मनोज साहू एवं अन्य सभी स्टाफ गौरान्वित महसूस कर रहे है तथा प्रदेश के सभी जैविक कृषको जैसे खूबचद अवार्ड कृषक मुकेश कुमार, नारायण गबेल, दादू राम चंद्रा, रूपलाल महंत, मनिदास महंत, सीता राम पटेल, रामधार देवांगन, दीनदयाल यादव, राम प्रकाश केशरवानी एवं सभी कृषक हर्ष व्यक्त कर रहे है।

## स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को करें ट्रैक, करायें उनका समुचित इलाज, आरबीसी 6-4 के प्रकरण में अविलंब करें सहायता राशि वितरित : कलेक्टर

**कलेक्टर साहू ने ली समय-सीमा की बैठक**

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने बीते 14 अक्टूबर को ग्राम बर्रा में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए आगामी दिनों हर विकासखण्ड में इसी तरह स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से गंभीर बीमारी से पीडि़त लोगों को ट्रैक करें और उनका बेहतर इलाज कराना सुनिश्चित करें। इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि जिन मरीजों का वहां चेकअप हुआ है और जिन्हें रेफर किया गया है वे आगामी इलाज के लिए भटके नहीं। संबंधित अधिकारी खुद फिल्ड पर जाये और स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाये।

कलेक्टर साहू ने आगामी स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ सीईओ जनपद तथा अन्य संबंधित विभागों को इसके लिए आवश्यक तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं ली जा रही है ताकि जिस ग्राम में यह शिविर आयोजित हो उसके आस-पास के गांवों के लोग भी इसका फायदा उठा सकें। उन्होंने कहा कि शिविर दिनांक से पहले संबंधित गांव के साथ आस-पास के गांवों का मितानिनों से हेल्थ सर्वे करवाएं। जिससे गंभीर रूप से बीमार और दिव्यांगों की पहचान हो सके और उन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।



कलेक्टर साहू ने प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु के संबंध में चर्चा करते हुए आरबीसी 6-4 के तहत मिलने वाली सहायता राशि की जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि टाईम लाईन में एक माह के भीतर सभी केस फाईनल होना चाहिए। आरबीसी 6-4 के तहत मिलने वाली सहायता राशि को मृतक के परिजनों को शीघ्र दिलाना सुनिश्चित करें। साथ ही इस बात पर गौर करें कि जिन्हें भुगतान हुआ है उनके घरों तक जाये और उनकी जानकारी ली।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**सड़क निर्माण की डेली प्रगति रिपोर्ट करें तैयार-** कलेक्टर साहू ने सड़क निर्माण कार्यो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ईई पीडब्ल्यूडी को जिले में जो भी सड़क बननी है, सड़क के किस हिस्से में काम हो रहा है, कहां दिक्कत आ रही है, कब तक काम पूरा होगा, उसकी समय-सीमा क्या होगी, इन सब बिंदुओं के आधार पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन एरिया में कार्य चल रहा है, कितनी किलोमीटर सड़क बनी, कितना काम हुआ, कितना काम पेंडिंग है, उसकी डेली प्रगति रिपोर्ट आवश्यक रूप से देने के निर्देश दिए।

**धान खरीदी के दौरान संवेदनशील, अति संवेदनशील एवं बार्डर के उपार्जन केन्द्रों पर रखें विशेष निगरानी-** कलेक्टर साहू ने आगामी 01 नवम्बर से शुरू होने जा रही धान खरीदी के संबंध में चर्चा की। इसके मद्देनजर सभी धान उपार्जन केन्द्रों में बिजली, पानी सहित समस्त मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने संवेदनशील, अति संवेदनशील एवं बार्डर के उपार्जन केन्द्रों में विशेष व्यवस्था एवं निगरानी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में कमी या लापरवाही पाये जाने पर संबंधित खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्र स्थलों में धान के सुरक्षित रख-रखाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

## आपसी रंजिश में दोस्त पर धारदार हथियार से प्रहार, आरोपी युवक पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज



**रायगढ़।** दिनांक 17.10.2022 को रामभाठा रायगढ़ में रहने वाला सूरज ब्रज पिता बुधराम ब्रज (उम्र 42 वर्ष) उसके बेटे अमन ब्रज (21 साल) को उसके दोस्त अभय उर्फ बाबी टण्डन द्वारा थाना सिटी कोतवाली में पूर्व रंजिश पर धारदार हथियार से गले एवं हाथ में मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 17/10/22 के शाम करीब 07.00 बजे लड़का अमन नाश्ता करने होटल तरफ जा रहा था जिसे सूरज दुकान के पास अभय उर्फ बाबी टण्डन द्वारा पूर्व में हुए लडाई झगडा की बात को लेकर हाथ में रखे धारदार हथियार से जान की मारने की नियत से गर्दन में मारा, अभय उर्फ बाबी टण्डन से बीच बचाव कर अमन घर आया जिसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराये हैं, अमन के गला, हाथ में चोट हैं, लड़का अमन स्वयं घटना बताया है , रिपोर्ट पर आरोपी अभय उर्फ बाबी टण्डन निवासी रामभाठा रायगढ़ के विरूद्ध धारा 307 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित हुआ स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम

**अनुशासन में रहके शिक्षा के मूल्यों को ग्रहण किया जा सकता है-अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह**

**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ के पहले वर्ष के विद्यार्थियों का इंडक्शन प्रोग्राम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शैक्षणिक प्रभारी डॉ.श्रिकांत साँवरगाँवकर ने कृषि शिक्षा के विद्यार्थियों को कालेज की गतिविधियों और फैकल्टी से परिचित कराया। कार्यक्रम के अगले वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.पी.एम.पराए ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है, इससे विद्यार्थियों का ज्ञानार्जन होता है, परंतु जब वे नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थित रहेंगे तभी इसका लाभ उन्हें मिल सकता है। परीक्षा प्रभारी एवं आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन की सहायक प्राध्यापक रोशनी भगत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की परीक्षा शिक्षा पद्धति का एक अहम हिस्सा है जो नियमित कक्षा में उपस्थित होगा वो परीक्षा में उतना बेहतर ढंग से लिख पाएगा। उन्होंने परीक्षा के विभिन्न नियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। मृदा विज्ञान के सहायक प्राध्यापक एवं एनएसएस समन्वयक गंगा राम राठिया ने एनएसएस के विभिन्न शिविरों के बारे में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को बताया।

उद्यान विज्ञान की सहायक प्राध्यापिका एवं छात्रवृति प्रभारी डॉ.श्रीमती सरिता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की छात्रवृति के बारे में विद्यार्थियों को परिचय कराया। महाविद्यालय के सहायक



पुस्तकालयाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सुनील कुमार गौतम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का हृदय होता है इसलिए विद्यार्थीगण जितना ज़्यादा पुस्तकालय में आकर पुस्तकों का उपयोग करेंगे उतना ज़्यादा उनका ज्ञानार्जन होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से ई-लाइब्रेरी का सदुपयोग करते हुए उनमें रखे कम्प्यूटर के माध्यम इ-संसाधन को पढने की बात कही। एलपीएम के सहायक प्राध्यापक एवं खेल एवं सांस्कृतिक प्रभारी डॉ.ब्रिजेश पटेल ने कहा कि पढ़ाई के साथ विश्वविद्यालय में विभिन तरह खेल एवं सांस्कृतिक आयोजन होते रहते हैं जिनमे वो अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने महाविद्यालय में उपलब्ध सभी तरह के खेल से सुविधा से विद्यार्थियों को अवगत कराया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.सिंह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया की लक्ष्य निर्धारित कर सभी लोग नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित हों। उन्होंने महाविद्यालय में उपलब्ध सभी प्रकार के सुविधाओं के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा किया। उन्होंने कहा की अनुशासित रहकर आप जीवन में सफल हो सकते हैं। उन्होंने कालेज की मर्यादा को बरकार रखने के लिए नियमों का ख्याल रखने संबंधी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कृषि अर्थशास्त्र के अतिथि शिक्षक डॉ.मुकेश सेठ ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि शत- प्रतिशत कक्षा में अपनी उपस्थिति रखते हुए वे अपना ज्ञानार्जन कर सकते हैं। कृषि अभियांत्रिक के अतिथि शिक्षक के रूप में डॉ.योगेश कोसरिया ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनको लक्ष्य आधारित शैक्षणिक जीवन की तरफ़ बढऩे के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के किट विज्ञान की अतिथि शिक्षक डॉ.संध्या सिन्हा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया। कृषि विस्तार की अतिथि शिक्षक सुश्री अंकिता सिंह ने कृषि शिक्षा का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों से कहा की कृषि शिक्षा का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है और कैरियर के लिए एक अच्छा विकल्प है। कृषि सांख्यिकी की अतिथि शिक्षक सुश्री गामिनी वर्मा ने महाविद्यालय में उपलब्ध सभी संसाधनों का बेहतर तरीक़े से उपयोग करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480